# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
वित्त भवन, ए—ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर—302005

**(दूरभाष नं0:—** 0141—2740837,, **फैक्स** 0141—2742309, **ई—मेल:—** jacct.dta@rajasthan.gov.in)


**कमांक :—** एफ.4(ई)(एम—27 / 2013) / अलेसे—II / 286 **दिनांक :—** 08.06.2023

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 61 / 2017—18 दिनांक 30.06.2017 **श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर (मेरिट नं. 27 बैच 2013 लिंक नं. 9970)** को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय तहसीलदार बांनसूर, जिला—अलवर में पदस्थापित किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर द्वारा दिनांक 13.07.2017 को मध्यान्ह् पूर्व कार्यग्रहण किया गया। पदोन्नति होने पर श्री गुर्जर वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के पद पर कार्यरत हैं।

कार्यालय तहसीलदार बांनसूर, जिला—अलवर ने अपने पत्रांक 61 दिनांक 30.05.2023 के साथ अग्रेषित श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के प्रार्थना—पत्र के अनुसार श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर ने राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित सहायक आचार्य (EAFM) परीक्षा—2020 में चयन उपरांत आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश दिनांक 30.05.2023 द्वारा इनका पदस्थापन राजकीय महाविद्यालय, बहरोड में सहायक आचार्य (EAFM) के पद पर होने पर उक्त पद सहायक आचार्य (EAFM) पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के वर्तमान धारित पद से कार्यमुक्त करने हेतु अनुरोध किया है।

अतः श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II को उनके प्रार्थना—पत्र के आधार पर कार्यालय तहसीलदार, बांनसूर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के पद से कार्यमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही अपने नवीन पद पर कार्यग्रहण कर सकेगें। इनका सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के पद पर लियन रहेगा।

श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II के विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही लंबित/ प्रस्तावित नहीं हैं।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

**कमांक :—** एफ.4(ई)(एम—27 / 2013) / अलेसे—II / 286 **दिनांक :—** 08.06.2023

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है —**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. कार्यालय तहसीलदार, बांनसूर, जिला अलवर।
3. कोषाधिकारी, अलवर।
4. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
5. श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—II, कार्यालय तहसीलदार, बांनसूर, जिला अलवर।
6. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
7. पदस्थापन सीट / निजी / रक्षित पत्रावली।

(के. जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—II / III)

D:\2019\PRIYANKA JI\ORDER.DOCX:-20